Roll No. ........................

(05/25)

# 5682

## B.A. (General) EXAMINATION

(For Batch 2011 & Onwards)

(Sixth Semester)

HINDI

(Compulsory)

*Time : Three Hours* *Maximum Marks* : 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्याशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 14

(क) राम का मुकुट इतना भारी हो उठता है कि राम उस बोझ से कराह उठते हैं और इस वेदना के चीत्कार में सीता के माथे का सिन्दूर और दमक उठता है, सीता का वर्चस्व और प्रखर हो उठता है ।

(ख) सोन जुही में आज एक पीली कली लगी है। इसे देखकर अनायास ही उस छोटे जीव का स्मरण हो आया, जो इस लता की सघन हरीतिमा में छिपकर बैठता था और फिर मेरे निकट पहुँचते ही कंधे पर कूद कर मुझे चौका देता था। तब मुझे कली की खोज रहती थी पर आज उस लघु प्राण की खोज है।

(ग) श्रीमन् कभी चाहें तो सांभर झील के तट पर खड़े होकर देख सकते हैं, जो कुछ उसमें गिर जाता, वहीं नमक बन जाता है। यहाँ के जलवायु से अलग खड़े होकर कितनों ही ने बड़ी-बड़ी अटकलें लगाई और लम्बे चौड़े मनसूबे बांधे पर यहाँ की जलवायु का असर होते ही वह सब काफूर हो गए।



(घ) भ्रष्टाचार मिटाने के लिए महाराज को व्यवस्था में बहुत परिवर्तन करने होंगे। एक तो भ्रष्टाचार के मौके मिटाने होंगे। जैसे ठेका है तो ठेकेदार है और ठेकेदार हैं तो अधिकारियों को घूस है। ठेका मिट जाए तो उस की घूस मिट जाए।

2. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : 10

(क) 'उत्साह' निबंध का सार लिखिए।

(ख) लेखिका महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय दीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : 16

(क) 'आशा का अन्त' निबन्ध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) संस्मरण के तत्वों के आधार पर 'गिल्लू' की विवेचना कीजिए ।

(ग) राम के निर्वासन को लेखक ने काल रात्रि क्यों कहा है ?

(घ) 'सदाचार का ताबीज' पाठ में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) लेखक को साक्षात यमराज कौन प्रतीत हो रहा था ?

(च) लॉर्ड कर्जन का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

4. हरियाणवी भाषा की **पाँच** प्रमुख बोलियों का विस्तार से वर्णन कीजिए । 10

**अथवा**

हरियाणा की सांग परंपरा पर प्रकाश डालिए ।



5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-150** शब्दों में दीजिए : 10

(क) हरियाणवी भाषा की मेवाती बोली पर प्रकाश डालिए ।

(ख) हरियाणवी कविता की प्रवृतियों का संक्षेप से वर्णन कीजिए ।

(ग) हरियाणवी सांग परंपरा में लखमीचंद जी का उल्लेख कीजिए ।

(घ) हरियाणवी गद्य साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 10

(क) पत्रकारिता के गुण-दोषों का वर्णन कीजिए ।

(ख) शीर्षक के प्रकारों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

(ग) फीचर लेखन के ध्याय तथ्यों का वर्णन कीजिए।

(घ) स्वतंत्रता के पश्चात् प्रेस की अवधारणा पर एक टिप्पणी लिखिए।

7. निम्नलिखित सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी के अनुसार सच्चा उत्साह कर्म प्रधान है या फल प्रधान ?

(ख) गिलहरी की आयु कितनी होती है ?

(ग) 'आशा का अंत' निबंध किसे संबोधित कर लिखा गया है ?

(घ) 'देवदारु' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(ङ) 'श्री हरिशंकर परसाई किस पत्रिका को संपादक थे ?

(च) 'तिब्बत के पथ' पर निबंध को किस साहित्यिक विधा में गिना जाता है ?



(छ) हरियाणा में सांग सम्राट किसे कहा जाता है ?

(ज) हरियाणवी भाषा में लिखित किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए।

(झ) प्रेम की स्वतंत्रता का वर्णन भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में है ?

(ञ) पत्रकारिता की परिभाषा लिखिए।

❖❖❖❖❖❖❖